6116 गोतमसिंह / ग्रा.पं. पांयला खुर्द बनाम सरकार वगै.

23.5.17

पत्रावली राजस्व लोक अदालत अभियान–न्याय आपके द्वार मे अटल सेवा केन्द्र ग्रा.प.पांयला खुर्द मे पेश हुई। वकील अपीलाण्ट उपस्थित।उतरदाता स.14 की ओर से पैरोकार सरकार उपस्थित। और उनकी ओर से जबाव पेश किया गया। जो शामिल मिसल हो। उतरदातागण के नोटिस तामील शुदा प्राप्त हुई। उतरदाता स.1 से 13 बावजुद सुचना के हाजिर नही होने पर उनके विरूद एकरतफा कार्यवाही अमल मे लाई जाती है। उभयपक्ष की बहस सुनी गई। दौराने बहस वकील अपीलाण्ट ने निवेदन किया,कि ग्राम पांयला खुर्द तहसील सिणधरी की खेत खसरा सख्या 341 रकबा 65–11 बीधा भूमि अपीलाण्ट एवं उतरदाता स.1 से 13 की संयुक्त खातेदारी की आई हुई है। जिसके तत्कालीन खातेदार प्रतापसिह वल्द मोहबतसिह के फोत होने पर भरे गये विरासत के नामान्तकरण स.276 मे अपीलाण्ट का सही नाम गोतमसिह के स्थान गोमसिह गलत नाम दायर किया गया। जो आदिनांक तक राजस्व रिकार्ड मे उक्त प्रविष्टि चली आ रही है।जबकि वास्तविक प्रार्थी का नाम गोतमसिह वल्द प्रतातसिह है। जो राजस्व रिकार्ड मे सही नाम गोतमसिह दुरूस्त किये जाने का आदेश फरमावे।

हमने उभयपक्ष की बहस पर मनन किया और पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड व दस्तावेजो का अवलोकन किया गया। जिसमे पाया कि ग्राम पांयला खुर्द तहसील सिणधरी की खेत खसरा सख्या 341 रकबा 65–11 बीधा भूमि के खातेमदार प्रतापसिह वल्द मोहबतसिह के फोत होने पर भरे गये विरासत के नामान्तकरण स.276 मे अपीलाण्ट का वास्तविक नाम गोतमसिह के स्थान पर गोमसिह गलत नाम दायर किया गया। जबकि वास्तविक नाम गोतमसिह वल्द प्रतापसिह है। जो पत्रावली के सलंग्न दस्तावेज यथा– आधार कार्ड,डाईविग लाईसेन्स व परिवार राशन कार्ड की प्रतिलिपि से प्रमाणित होता है। कि अपीलाण्ट का वास्तविक नाम गोतमसिह है। और राजस्व रिकार्ड मे गलत नाम दायर हो रखा है। एवं पैरोकार सरकार ने भी गोतमसिह सही नाम होने से अपगत करवाया गया। एवं उतरदाता स.1 से 13 बावजुद सुचना के हाजिर नही हुए है। इससे साबित

उपखण्ड अधिकारी, सिणधरी

Scanned by CamScanner

सेवामे,

होता है। कि अपीलाण्ट की अपील स्वीकार किये जाने मे उनकी मौन स्वीकृति है। एवं मजमे आम मे भी पुछताछ करने पर प्राथी का वास्तविक नाम गोतमसिह वल्द प्रतापसिह होना पाया गया है।

लिहाजा अपीलाण्ट की अपील अन्दर म्याद स्वीकार की जाकर ग्राम पांयला खुर्द तहसील सिणधरी की खेत खसरा सख्या 341 रकबा 65–11 बीधा भूमि के राजस्व रिकार्ड(जमाबंदी) मे अंकित गलत प्रविष्टि **गोमसिह वल्द प्रतापसिह के स्थान पर सही नाम गोतमसिह वल्द प्रतापसिह दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है।** शेष बदुस्तर रहेगा। तहसीलदार सिणधरी तदुनसार राजस्व रिकार्ड मे अमल दरामद किये जाने की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करावे।

आदेश मजमे आम सुनाया गया।

पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफतर हो।

23/5/17

उपखण्ड अधिकारी, सिणधरी

Scanned by CamScanner